स्टार्टअप के दमदार आइडिया को मिलेंगे सौ करोड़

- आइआइटी के 'स्टार्टअप मास्टर क्लास' में मिलेगा प्रजेंटेशन का मौका
- उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए ऑन स्पॉट दिया जाएगा फंड

जागरण संवाददाता, कानपुर : दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु व चेन्नई जैसे मेट्रो सिटी में हो चुकी 'स्टार्टअप मास्टर क्लास (एसएमसी)' पहली बार आइआइटी कानपुर में होने जा रही है। मास्टर क्लास में नए व पुराने स्टार्टअप को अपने आइडिया रखने का मौका मिलेगा। अगर उनका आइडिया पसंद आता है तो उन्हें ऑन स्पॉट फंड दिया जाएगा। सडबी इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर, ई-सेल व एल्युमिनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में देश- विदेश के चार बड़े इन्वेस्टर्स कंपनियां तलाशने आ रहे हैं। इसमें इंडियन एंजिल नेटवर्क ने सर्वाधिक सौ करोड़ का अनुदान देने का निर्णय लिया है।

इसके लिए यह कंपनी मेट्रो सिटी की बजाय दो सामान्य शहरों को अनुदान देने के लिए तलाश रही है। इसके अलावा हेलियन वेंचर पार्टनर, एक्सेल पार्टनर्स व जंगल वेंचर्स भी स्टार्टअप को अनुदान देकर उन्हें मौका देंगी। 27 व 28 जनवरी को आइआइटी में होने वाले इस कार्यक्रम भाग लेने के लिए स्टार्टअप (http://www.startupmasterclass.in/kanpur/#overview व https://www.facebook.com/IITKAA/) पर आवेदन करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। कार्यक्रम में उद्यमिता का पाठ पढ़ाया जाएगा। स्टार्टअप मास्टर क्लास में देश -विदेश के विशेषज्ञ टिप्स देंगे। इनमें इंडियन अमेरिकिन फोरम के नेशनल प्रेसीडेंट रवि सखूजा, एमआइटी टाटा सेंटर के एकेडमिक डायरेक्टर चिंतन वैष्णव, साइयंट के चेयरमैन बीवीआर मोहन रेड्डी, गूगल इंडिया के कंट्री हेड ललितेश कटरागड्डा, इंडियन एंजिल नेटवर्क के डायरेक्टर व को-फाउंडर सौरभ श्रीवास्तव शामिल हैं। एसएमसी से बेंगलुरू, पुणे, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता से पांच हजार स्टार्टअप जुड़े हुए हैं। वे सौ से ज्यादा प्रतिनिधि व सौ से ज्यादा वेंचर कैपिटल फर्म शामिल हैं।

आइआइटी के स्टार्टअप के लिए हो रहा प्रजेंटेशन

युवाओं को मिलेगा बड़ा प्लेटफार्म

उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए यह एक बड़ा प्लेटफार्म होगा। क्योंकि पहली बार यहां पर एसएमसी होने जा रहा है। अभी तक इस मंच तक पहुंचने के लिए युवाओं को दूसरे प्रदेशों में जाकर अपनी प्रतिभा दिखानी पड़ती थी। लेकिन अब उन्हें देश विदेश के विशेषज्ञ उनके शहर के समीप चुनने के लिए आ रहे हैं।